आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर
दिनांक : 06.05.2024
समय : 0705

<><><><><><><>

- हवाई अड्डा, बस टर्मिनस और जेट्टियों तक आम जनता और पर्यटको के लिए परिवहन विभाग आज से मल्टी मॉडल परिवहन सुविधा आरंभ करने जा रहा है।
- अंडमान निकोबार पुलिस ने कानून प्रवर्तन अधिकारियों के रूप में धोखाधड़ी करने वालों से सावधान रहने के सम्बध में परामर्श जारी किया है।
- गर्ल्स स्कूल छोर से धर्मशाला छोर तक की सड़क आज दिन में ग्यारह बजे तक अस्थाई रूप से बंद रहेगी।
- समाज कल्याण विभाग की हसगुल्ला क्लब की ओर से जॉगर्स पार्क में जागरूकता व फिटनेस शिविर का आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन के परिवहन विभाग यात्रियों की सुविधा के लिए मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट सेवा शुरू करने जा रही है। आम जनता विशेषकर पर्यटकों और स्थानीय निवासियों को मुख्यभूमि या बाहरी द्वीपों पर आने जाने के दौरान हवाई यात्रा, बसों या फेरी का लाभ उठाने की सुविधा के लिए परिवहन सुविधा में सुधार करने के उद्देश्य से यह सेवा शुरू की जा रही है। आज से हवाई अड्डे के यात्री टर्मिनल, हैडो, फिनिक्स–बे जेट्टी, बस टर्मिनस और पोर्ट ब्लेयर के अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं के बीच केनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए इलैक्ट्रिक बसों की सेवाएं उपलब्ध होंगी। बसों की आवाजाही एवं उपलब्धता विमानों, जहाज़ों और फेरी के आगमन और प्रस्थान के समय को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से हैडो जेट्टी जाने के लिए सुबह साढ़े सात बजे से शाम चार बजे तक बसें उपलब्ध रहेगी। इसी प्रकार हैडो जेट्टी से बस टर्मिनस और फिनिक्स–बे जेट्टी होते हुए वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा के लिए सुबह आठ बजे से शाम साढ़े तीन बजे तक बसें चलेंगी। बस टर्मिनस से सीधे वीर सावरकर हवाई अड्डे के लिए सुबह पांच बजकर पन्द्रह मिनट से शाम तीन बजकर पैंतालीस मिनट तक सेवाएं उपलबध रहेंगी और हवाई अड्डे से बस टर्मिनस

के लिए सुबह छह बजकर पन्द्रह मिनट से दोपहर बाद एक बजकर पचपन मिनट तक बसें संचालित होंगी। हवाई अड्डा से गाराचरामा के लिए सुबह पांच बजकर पच्चीस मिनट से दोपहर बारह बजकर पैंतालीस मिनट तक और गाराचरामा से हवाई अड्डे के लिए सुबह पांच बजकर पचपन मिनट से दोपहर बाद एक बजकर पैंतीस मिनट तक यात्री इस सेवा का लाभ उठा सकते है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस ने कानून प्रवर्तन अधिकारियों के रूप में धोखाधड़ी करने वालों से सावधान रहने के सम्बध में परामर्श जारी किया है। हाल के दिनों में वाट्सऐप और अन्य स्रोतों पर कॉल के माध्यम से व्यक्तियों को निशाना बनाया जा रहा है। ये जालसाज कानूनी ऐजेंसियों के प्रतिनिधियों के रूप में कॉल कर लोगों को झूठी सूचना देते है कि उनके बेटे और बेटी गंभीर कूननी मामलों में फंस गए हैं। माता पिता की भावात्मक कमज़ोरी का फायदा उठाते हुए उनसे पैसों की मांग करते हैं। धोखाधड़ी वाले कॉल अक्सर प्लस नौ दो वाले नम्बरों से आती है। आम जनता से यह अनुरोध किया गया है कि वे ऐसी कॉलों का जवाब न दें और सावधानी बरतें। अंडमान निकोबार पुलिस ने परामर्श जारी करते हुए लोगों को सूचित किया है कि वे विशेषरूप से वाट्सऐप के माध्यम से अज्ञात अंतर्राष्ट्रीय नम्बरों से आने वाले कॉल या संदेश प्राप्त होने पर सावधान रहें। कानूनी एजेंसियों से होने का दावा करने वाले व्यक्तियों से बात करने से बचें जो फोन पर पैसे या व्यक्तिगत जानकारी मांगते हैं। धोखाधड़ी वाली गतिविधियों की रिपोर्ट करने के लिए संचार साथी पोर्टल का उपयोग करें। अंडमान निकोबार पुलिस ने नागरिकों से ऐसी धोखाधड़ी वाली गतिविधियों के खिलाफ खुद को और अपने प्रियजनों को सुरक्षित रखने के लिए सर्तक और सक्रिय रहने का आग्रह किया है। इस संबंध में सहायता और अधिक जानकारी के लिए अंडमान निकोबार पुलिस साइबर हेल्पलाइन नम्बर नौ पांच तीन एक आठ पांच छह शून्य आठ तीन पर सम्पर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

गर्ल्स स्कूल छोर से धर्मशाला छोर तक की सड़क आज सुबह सात बजे से दिन में ग्यारह बजे तक अस्थाई रूप से बंद रहेगी। अंडमान निकोबार पुलिस के ड्राईवरों के लिए दो सप्ताह के ड्राइविंग पाठ्यक्रम के चलते अट्ठारह मई तक यह सड़क बंद रहेगी।

इस बीच, पुलिस ने साइबर अपराधियों से भी बचने के लिए आम जनता को सलाह दी है। परामर्श में कहा गया है कि अज्ञात वीडियों कॉल, अज्ञात फ्रेंड रिकवेस्ट, अज्ञात नम्बरों से आए संदेशों का जवाब देने से बचें। अनजान लोगों को फ्रेंड रिकवेस्ट भी न भेंजे। फोन नम्बर तब तक किसी के साथ ऑनलाईन साझा न करें जब तक आप उस व्यक्ति को अच्छी तरह से नहीं जानते हो। इसके अलावा सोशल मीडिया या अन्य मेसेजिंग ऐप पर दूसरों के साथ अंतरंग तस्वीरें या वीडियों साझा करने से बचें क्योंकि इसका इस्तेमाल ब्लैकमेलिंग के लिए किया जा सकता है। किसी भी प्रकार की सहायता के लिए साइबर अपराध पुलिस थाना या राष्ट्रीय हेल्पलाईन नम्बर से सम्पर्क करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

सासंद कुलदीप राय शर्मा ने उप–राज्यपाल को लिखे अपने पत्र में जारवा जनजातियों को दो हजार उनतीस के संसंद चुनाव की चुनावी प्रक्रिया में शामिल करने का अनुरोध किया है। सांसद ने दो हजार चौबीस के लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान प्रक्रिया में शौम्पेन आदिम जनजाति की भागीदारी के लिए सराहना करते हुए कहा कि द्वीपवासियों ने अब तक निकोबारी, ओंगी, ग्रेट अंडमानी और शौम्पेन जनजातियों को चुनावी प्रक्रिया में शामिल होते देखा है, जो हमारे लोकतंत्र को मज़बूत करने और समानता और न्याय के सिद्धांतों को बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। अन्य जनजातियों की तरह जारवा जनजाति का समावेश सुनिश्चित करने के महत्व पर सांसद ने ज़ोर दिया। उन्होंने दो हजार उनतीस के लोकसभा चुनाव में जारवा आदिम जनजाति की भागीदारी को सुविधाजनक बनाने के लिए सक्रिय कदम उठाने का अनुरोध किया।

<><><><><><><>

चेतना संस्था के सदस्यों की बैठक कल पोर्ट ब्लेयर में हुई। इसमें बी.पी. यादव को अध्यक्ष और रेणुबाला को महासचिव चुना गया। इनके अलावा डॉ.जे.डी सिंह, मुख्य संरक्षक और इलियास अहमद खान निगरानी समिति के संयोजक चुने गए। कुल आठ सदस्यों को कार्यकारिणी में शामिल किया गया।

<><><><><><><>

समाज कल्याण विभाग की हसगुल्ला क्लब की ओर से जॉगर्स पार्क में जागरूकता व फिटनेस कैम्प का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग के योग शिक्षक रविन्दर राव तथा समन्वित पुर्नवास केन्द्र के डॉक्टरों ने योग और ध्यान के बारे में जानकारी देते हुए प्रतिभागियों से नशे से दूर रहने को कहा। समाज कल्याण निदेशक डॉ नितिन शाक्या ने नशामुक्त समाज के महत्व पर प्रकाश डाला।

इस बीच, बाल सहायता नम्बर एक शून्य नौ आठ और राज्य दत्तक स्रोत ऐजेंसी की ओर से मरीना पार्क में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य कानूनी तरीके से गोद लेने की प्रकिया के बारे में जानकारी देना और एक शून्य नौ आठ के माध्यम से दी जा रही सेवाओं के बारे में प्रतिभागियों को जानकारी देना था। कार्यक्रम में डॉ नितिन शाक्या ने कहा कि समाज के प्रत्येक नागरिकों का ये कर्तव्य है कि वे समाज के उत्थान में अपना योगदान दें। शिक्षित समाज ही एक सकारात्मक समाज का निर्माण करता है।

**<><><><><><><>**

अंडमान निकोबार चेस एसोसिएशन, गैर सरकारी संगठन पंख के सहयोग से नौ मई को हॉटल ड्रिफ्‌डवुड में कक्षा आठवीं से बारहवीं तक के बच्चों के लिए चेस और एकाग्रता कार्यक्रम आयोजित करने जा रहा है। पंजीकरण पहले आओ पहले पाओं के आधार पर किया जाएगा। खिलाड़ियों से दिए गए नम्बरों पर सम्पर्क करने को कहा गया है।

**<><><><><><><>**

कवि गुरू रविन्द्रनाथ टैगोर की एक सौ चौंसठवीं जयंती के अवसर पर अतुल स्मृति समिति पोर्ट ब्लेयर में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आठ मई को शाम सात बजे समिति परिसर में कार्यक्रम शुरू होगा।

**<><><><><><><>**

<u>समाचार पत्रों की सुर्खियां</u>

पद्म पुरस्कार दो हजार पच्चीस के लिए ऑनलाइन नामांकन शुरू, नामांकन प्राप्त करने की अंतिम तिथि पन्द्रह सितम्बर और भारत के आम चुनाव को देखने के लिए अब तक का सबसे बड़ा वैश्विक प्रतिनिधिमंडल के भारत आने के समाचार को–द डेली टेलीग्रम्स ने अपनी बड़ी खबर बनाया है।–द्वीप समाचार ने इस खबर के अलावा द्वीपों में नीट यू.जी परीक्षा में एक हजार चौबीस छात्रों के शामिल होने के समाचार को प्रथम पृष्ठ में प्रकाशित किया है। जी डी एम एस के विद्यार्थियों और शिक्षकों द्वारा प्रकृति शांति निकेतन कार्यक्रम आयोजित करने के समाचार को – अंडमान कोनिकल में जगह मिली है। बच्चों को गोद लेने की प्रकिया के बारे में जानकारी देने और लोगो को इस संबंध में जागरूक करने के लिए पोर्ट ब्लेयर में कार्यक्रम आयोजित होने के समाचार को–द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेज़ी ने प्रकाशित किया है। वित्तीय धोखाधड़ी का बड़े पैमाने पर द्वीपों के नागरिकों के शिकार होने और इसमें कई मामलों में महिलाओं के शिकार होने के समाचार को– द इको ऑफ इंडिया ने अपनी बड़ी खबर बनाया है और पुलिस द्वारा अवैध कारोबारियों के खिलाफ अभियान चलाए जाने के समाचार को–इंफो इंडिया ने पहने पन्ने में जगह दी है।

<><><><><><><>